हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 7 जुलाई 2026


तापमान

अधिकतम 38.6 डिग्री से.
न्यूनतम 25.0 डिग्री से.


14 डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन त्याग ...



14 महिलाओं के निःशुल्क अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी..




## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में शाहाबाद कोर्ट के वकील की मौत



प्रताप सिंह।

**कुरुक्षेत्र।** ठोल गांव के पास शाहाबाद रोड पर हुए सड़क हादसे में शाहाबाद कोर्ट के वकील प्रताप सिंह (54) की मौत हो गई। वह बाइक से इस्माईलाबाद जा रहे थे, तभी सामने से आई सफेद क्रेटा कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कार सहित फरार हो गया। घायल प्रताप सिंह को पुलिस अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची इस्माईलाबाद पुलिस ने मृतक के भाई के बयान और कार नंबर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### रोबोट सॉफ्टवेयर बेचने का नाम पर 15 लाख की ठगी

**यमुनानगर।** एआई ट्रेडिंग रोबोट सॉफ्टवेयर बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से 15 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। जगाधरी वर्कशॉप रोड स्थित पुलिस कॉलोनी निवासी उमेश कुमार की शिकायत पर पुलिस ने सुरेंद्र और राजेंद्र कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार मार्च 2025 में दोनों आरोपियों ने होटल सेवेन सीज में मुलाकात कर एआई ट्रेडिंग सॉफ्टवेयर बेचने का झांसा दिया और 15 लाख रुपये ले लिए। रकम लेने के बावजूद सॉफ्टवेयर उपलब्ध नहीं कराया। जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### टास्क के झांसे में फंसा कर 1.20 लाख की ठगी

**यमुनानगर।** गांव सरावां निवासी रवि कश्यप से टेलीग्राम पर ऑनलाइन टास्क और इन्वेस्टमेंट के नाम पर 1.20 लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया कि तीन जुलाई को एक मैसेज के जरिए वह टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ा। शुरुआत में आसान टास्क पूरे कराने के बाद आरोपियों ने उसके खाते में रकम भेजकर भरोसा जीता। बाद में अधिक मुनाफे का लालच देकर अलग-अलग किस्तों में 1.20 लाख रुपये जमा करवा लिए।

### पानीपतः ढाबा से 1.70 लाख की नकदी चोरी

**पानीपत।** पानीपत में असंध रोड पर ढाबे से चोरों ने गल्ले में रखी 1 लाख 70 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। वहीं, ढाबा संचालक विनोद निवासी दत्ता कालोनी ने पुराना औद्योगिक थाना पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में बताया कि वह ढाबा व्यवसाय के अलावा वे कोर्सेंट की सप्लाई का काम भी करते हैं। वहीं, सोमवार को 1 लाख 70 हजार रुपए की बकाया पेमेंट लेकर आया था, जो चोरी हो गई।

### चुलकाना में रंजिश में परिवार को पीटा

**पानीपत।** गांव चुलकाना में पुरानी रंजिश के चलते मारपीट की घटना में दीपक, इसके पिता रणधीर, रमन आदि को मारपीट कर घायल कर दिया गया। वहीं, घायल दीपक की शिकायत पर चुलकाना चौकी पुलिस ने राजू, ललित, विजय, सचिन, आकाश और इनके साथियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो लड़कियां लापता तलाश में जुटी पुलिस

**पानीपत।** हुडा सेक्टर-29 थाना क्षेत्र के विकास नगर से मूल निवासी गोरखपुर, यूपी की दो लड़कियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। दोनों शुक्रवार सुबह फैक्टरी में काम के लिए घर से निकली थीं, लेकिन न तो फैक्टरी पहुंचीं और न ही वापस लौटीं। परिजनों ने अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इनमें से एक लड़की नाबालिग है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

---

### दिशा बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने की योजनाओं की समीक्षा

# 'मेरी फसल मेरा ब्योरा' पोर्टल पर 31 तक 100% किसान पंजीकरण सुनिश्चित करने और शेष किसानों के घर जाकर आवेदन कराने के निर्देश

- बीपीएल कार्ड धारकों का सर्वे आयुष्मान कार्ड वितरण में तेजी लाने, 395 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने और आभा आईडी का दायरा बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल में जिला सचिवालय में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने केंद्र और राज्य सरकार की करीब 80 जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। कृषि विभाग को 'मेरी फसल मेरा ब्योरा' पोर्टल पर 31 जुलाई तक 100 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने और शेष किसानों के घर-घर जाकर आवेदन कराने को कहा। साथ ही प्राकृतिक खेती, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और आत्मा योजना की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।शिक्षा विभाग को स्कूल प्रबंधन समितियां मजबूत करने, मिड-डे मील की गुणवत्ता सुधारने तथा स्कूलों की आधारभूत सुविधाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग को लंबित आयुष्मान कार्ड वितरित करने, आभा आईडी बनाने, घर-घर टीबी सर्वे कराने और सभी ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के निर्देश दिए। बैठक में बीपीएल कार्डधारकों का सर्वे, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के निरस्त आवेदनों की जांच, खुले में शौच मुक्त अभियान, उपचारित पानी के सिंचाई में उपयोग, लंबित राजस्व मामलों के निपटान और पीएम स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों को सभी योजनाओं की नियमित निगरानी और कमियां दूर करने के निर्देश दिए गए।

### स्वामी दयानंद सरस्वती चौक का किया लोकार्पण



**करनाल।** सेक्टर-12/13 में नवनिर्मित स्वामी दयानंद सरस्वती चौक का सोमवार को केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने हवन-यज्ञ में आहुति अर्पित कर स्वामी दयानंद सरस्वती को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के स्मारक केवल पहचान नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को प्रेरित करने और समाज को सही दिशा देने का माध्यम हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती ने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जीवनभर संघर्ष किया और समाज सुधार का संदेश दिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, आर्य समाज पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।

### पीएम आवास योजना 2.0 से गरीबों के पक्के घर का सपना होगा साकार

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने 31 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र गरीब परिवार पक्के घर से वंचित न रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना की चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और ऑनलाइन है तथा लाभार्थियों से समय पर मकान निर्माण पूरा कर सरकारी सहायता का सही उपयोग करने का आह्वान किया।

---

# मॉर्निंग वॉक पर निकले कोर्ट कर्मी की हत्या झाड़ियों में शव मिला, हाथ-पैर पर गहरे जखम

## परिजन बोले-बेटे की इंटरकास्ट मैरिज के बाद धमकियां मिल रही थीं

### मृतक की बहू के परिजनों पर हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** गुरमेल सिंह का फाइल फोटो व शव को बाहर निकालते पुलिसकर्मी।

सोमवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले जिला कोर्ट के चपरासी की हत्या कर दी गई। शव सड़क किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला। शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले। हाथ और पैर से खून निकला हुआ था। परिजनों ने दावा किया कि मृतक की बहू के परिजनों ने उनकी हत्या की। बेटे की सात महीने पहले हुई इंटरकास्ट लव मैरिज हुई थी। लड़की पक्ष की ओर से लगातार धमकियां दी जा रही थी। उसे लगातार कहा जा रहा था कि शादी उनकी मर्जी के खिलाफ की गई है। जिले के पुराना सहारनपुर रोड स्थित गांव कैत के पास जिला कोर्ट में चपरासी के पद पर तैनात व्यक्ति का शव सड़क किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला। मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। गांव कैत निवासी 50 वर्षीय गुरमेल सिंह कुरुक्षेत्र जिला कोर्ट में चपरासी के पद पर नौकरी करता था। सोमवार सुबह साढ़े चार बजे प्रतिदिन की तरह सुबह की सैर करने के लिए निकला था। मगर काफी देर तक वह वापस नहीं लौटा।

#### सात माह पहले बेटे ने की थी इंटरकास्ट शादी

गुरमेल सिंह के पास तीन बच्चे हैं। उसके सबसे बड़े बेटे सुमित ने करीब सात महीने पहले पास के लापरा गांव की युवती से घर से भागकर इंटरकास्ट लव मैरिज की थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही लड़की पक्ष इस रिश्ते का विरोध कर रहा था। उनका कहना है कि परिवार को लगातार धमकियां मिल रही थीं और इसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया।

#### की जा रही जांच

"शव के पास खून के निशान और एक जोड़ी चप्पल मिली। वहीं आसपास किसी वाहन के टायरों के निशान भी पाए गए। मृतक के शरीर पर भी चोट के निशान मिले हैं। परिजनों ने हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल यह साफ नहीं कहा जा सकता कि मामला हत्या का है या किसी हादसे का। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।
-रजत गुलिया डीएसपी

#### घटनास्थल पर गाड़ी के टायर के निशान मिले

परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो उसका शव सुबह करीब साढ़े सात बजे पुराना सहारनपुर रोड पर झाड़ियों में पड़ा मिला। जांच के दौरान मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। इसके साथ ही मौके से गाड़ी के टायरों के निशान भी मिले हैं। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि गाड़ी से कुचल कर गुरमेल की हत्या की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम के साथ जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

---

### अंबालाः मेडिकल स्टोरों पर छापे से हड़कंप

# स्टेरॉयड बिक्री का खुलासा तीन दुकानदारों को नोटिस

- सात मेडिकल स्टोर के रिकॉर्ड के खंगाला, फर्जी ग्राहकों के जरिए बेनकाब किया खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दवा नियंत्रण अधिकारी हेमंत ग्रोवर ने बीते रोज अपनी टीम के साथ अंबाला छावनी व शहर के सात मेडिकल स्टोरों पर रेड की। विभाग की टीम में फर्जी ग्राहक तैयार किए गए थे। जिन्होंने मेडिकल स्टोर पर जाकर खेल प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं, जैसे एनाबॉलिक स्टेरॉयड, पेप्टाइड हार्मोन और ग्रोथ हार्मोन की डिमांड करनी थी। तीन दुकानों पर डेकाबुर्बोलिन 50 एमजी नैंड्रोलोन डेकानोएट इंजेक्शन बेचा जा रहा था। इन तीनों दुकानों के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर इनके बिक्री लाइसेंस निलंबित किए जाएंगे। इनमें बलदेव नगर के मैसर्स शक्ति मेडिकोज, दुकान नंबर 6, एसबीआई के सामने व महेश नगर थाने के सामने मैसर्स सिटी फार्मेसी, दुकान नंबर 1, राणा मार्केट व सिटी के मनाली हाउस स्थित एमप्लस फार्मास्यूटिकल्स दुकान नंबर 1154/410-411 शामिल थे।

अवैध स्टेरॉयड की रोकथाम के लिए विभाग ने चार अन्य प्रमुख मेडिकल स्टोरों का भी औचक निरीक्षण किया। हालांकि यहां कोई अवैध बिक्री नहीं पाई गई पर नियमों के उल्लंघन को लेकर रिकॉर्ड दर्ज कर आगामी कार्रवाई के लिए भेजा गया है। इन दुकानों में अंबाला शहर बलदेव नगर स्थित मैसर्स दवाइंडिया हेल्थकेयर मार्ट लिमिटेड व अंबाला कैंट बीसी बाजार स्थित मैसर्स ज्योति मेडिको दुकान नंबर 513/2 व हिसार रोड अमर मार्केट स्थित मैसर्स सरवारा मेडिकल हॉल व दुर्गा नगर स्थित मैसर्स यश मेडिकोज शामिल हैं। जांच अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए फर्मों के खिलाफ ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

---

### पानीपत में डॉ. अर्चना गुप्ता ने जेपी नड्डा का स्वागत किया

# संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण और आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने सोमवार को पानीपत रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने मंत्री नड्डा के साथ ट्रेन से अंबाला तक यात्रा की। यात्रा के दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठनात्मक विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, आगामी कार्यक्रमों तथा प्रदेश में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

#### 17 को जींद में हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ देश के लिए गर्व का पलः अर्चना गुप्ता



**पानीपत।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि 17 जुलाई को सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद की पावन भूमि से भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का ऐतिहासिक शुभारंभ करेंगे। उन्होंने इसे हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व और ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

**कांस्टेबल को सम्मानित किया :** डॉ. अर्चना गुप्ता ने पानीपत रेलवे स्टेशन पर पुलिस कांस्टेबल जगरूप सिंह को सम्मानित किया। हाल ही में जगरूप सिंह ने अद्भुत साहस, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए चलती ट्रेन से गिर रही दो महिलाओं की जान बचाया था।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**यमुनानगर।** थाना छप्पर क्षेत्र में छोटी पाबनी खुर्द बस अड्डे के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार कार पेंटर कर्मबीर कुमार की मौत हो गई।

मृतक अपने बड़े भाई कुलदीप के साथ अलग-अलग बाइक पर काम पर जा रहा था। जगाधरी की ओर से आई कार ने उसकी बाइक को टक्कर मारी, जिससे वह सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### टला बड़ा हादसा...



## लोहे के गार्डर से टकराई स्कूल बस, सभी बच्चे सुरक्षित

**कुरुक्षेत्र।** शहर के बिरला मंदिर रेलवे फाटक के पास सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। फाटक के पास ऊपर लगे लोहे के गार्डर से एक स्कूल बस टकरा गई। टक्कर लगते ही विशाल गार्डर नीचे सड़क पर गिर पड़ा। हादसे में बस का अगला शीशा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन राहत की बात यह रही कि बस चालक और उसमें सवार सभी स्कूली बच्चे बाल-बाल बच गए। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। सुबह के व्यस्त समय में कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों, स्कूल बसों और अन्य वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित विभाग और प्रशासन को अवगत कराया गया।

---

### 13 वर्ष 8 माह की उम्र में हासिल रिकॉर्ड 19 मार्च 2026 को दर्ज किया गया

# कुरुक्षेत्र के दिवस राठी ने रचा विश्व रिकॉर्ड 14.27 सेकंड में सुनाए एशिया के 49 देश के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** दिवस राठी को बधाई देते ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार।

गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र दिवस राठी ने अपनी अद्भुत स्मरण शक्ति और तेज प्रस्तुति से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्हें इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा विश्व रिकॉर्ड धारक घोषित किया गया है। मूलरूप से हरियाणा के गोहाना के धनाना गांव निवासी दिवस राठी गुरुकुल में 9वीं कक्षा में अध्ययनरत है। उनके पिता जहां एक अध्यापक हैं, वहीं माताजी गृहिणी है। दिवस राठी की इस उपलब्धि पर गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबेप्रताप सहित समस्त गुरुकुल परिवार ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं गुरुकुल के संरक्षक एवं गुजरात के महामहिम राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत ने भी दूरभाष पर विश्व स्तर पर गुरुकुल की ख्याति को बढ़ाने के लिए दिवस राठी को दूरभाष पर बधाई दी है। ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि दिवस राठी ने एशिया के सभी देशों के नाम सबसे कम समय में सुनाने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने मात्र 14 सेकंड और 27 सेंटीसेकंड में एशिया के सभी 49 देशों के नाम सुनाकर यह उपलब्धि हासिल की। यह रिकॉर्ड 19 मार्च 2026 को दर्ज किया गया। उस समय दिवस राठी की आयु 13 वर्ष, 8 माह और 9 दिन थी। उनकी इस उपलब्धि को इंटरनेशनल वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ऑफ एक्सीलेंस द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। दिवस राठी की इस सफलता से उनके परिवार, विद्यालय और पूरे हरियाणा प्रदेश में खुशी का माहौल है। उनकी यह उपलब्धि अन्य बच्चों और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। कम उम्र में विश्व रिकॉर्ड बनाकर दिवस ने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन, मेहनत और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

# बीकानेर के व्यक्ति से 15.90 लाख की लूट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों ने पैसे तीन गुना करने का लालच देकर बीकानेर निवासी व्यक्ति को अंबाला बुलाया और रिवाल्वर दिखाकर रुपये लूट लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




सीआईए-1 को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जांच टीम ने कार्रवाई करते हुए पैसे तीन गुना करने का लालच देकर, बीकानेर (राजस्थान) के एक व्यक्ति से रिवाल्वर की नोक पर 15 लाख 90 हजार रुपये लूटने वाले दो मुख्य आरोपियों को कलायत (जिला कैथल) से गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए-1 प्रभारी निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता विष्णु निवासी वार्ड नंबर 4, कक्कड़ वाला, बीकानेर, राजस्थान ने 28 जून 2026 को थाना नग्गल में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने उन्हें पैसे तीन गुना करने का लालच देकर अंबाला बुलाया था। 28 जून 2026 को सेगती कट राइस मिल के पास आरोपी विक्रम और उसके अन्य साथियों ने शिकायतकर्ता पर रिवाल्वर तान दी और 15,90,000 लूट कर फरार हो गए। इस शिकायत पर पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू की। सीआईए ने तकनीकी इनपुट्स और खुफिया सूचनाओं के आधार पर जाल बिछाकर दो मुख्य आरोपियों को काबू किया। पकड़े गए मुख्य आरोपियों की पहचान भीम सिंह निवासी गांव हसनगढ़, थाना बरवाला, जिला हिसार व नरेश उर्फ मुर्गा निवासी जंडली खुर्द, थाना भूना, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने आरोपियों को रिमांड पर लिया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से गहन पूछताछ की जाएगी ताकि वारदात में शामिल अन्य सह-आरोपियों का पता लगाया जा सके।

## केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ऑनलाइन आवेदन किए आमंत्रित

# 31 तक कर सकते हैं सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए आवेदन

**राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर किए गए ऑनलाइन आवेदन ही किए जाएंगे स्वीकार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सर्वोच्च पुरस्कारों नामतः पद्यम विभूषण, पद्यम भूषण व पद्यमश्री के लिए ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए हैं। सर्वोच्च पुरस्कारों के लिए 31 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने दी है।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ही ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति एक व्याख्यात्मक प्रशंस्ति पत्र (अधिकतम 800 शब्द) भी जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र विषय में विशिष्ट और


उपायुक्त प्रीति। फोटो : हरिभूमि

अन्य उपलब्धियों, सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख हो प्रस्तुत किया जाए। उपायुक्त प्रीति ने बत्ताया कि महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांग लोगों तथा समाज की निस्वार्थ सेवा करने वाले लोगों में से उन प्रतिभावान व्यक्तियों की पहचान हेतु मिलकर प्रयास किए जाएं। जिनकी उत्कृष्टता और उपलब्धि वास्तव में सम्मान की हकदार हो। उन्होंने बताया कि कि पद्यम पुरस्कार अर्थात पद्यम विभूषण, पद्यम भूषण और पद्यमश्री देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक कार्य, नागरिक सेवाओं, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों सेवाओं के लिए उत्कृष्ट.कार्य को मान्यता प्रदान करने के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लैंगिक भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं।

### ये नहीं होंगे पात्र : उपायुक्त

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि डॉक्टर और वैज्ञानिकों को छोड़कर सार्वजनिक उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं। इस संबंध में और अधिक विवरण पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर पुरस्कार पदक शीर्षक के तहत व कानून और नियम वेबसाइट पर उपलब्ध करवाई गई है।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगे 12.32 लाख

**यमुनानगर।** शहर जगाधरी थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर विदेश भेजने के नाम पर दो लोगों से 12 लाख 32 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप समता योग आश्रम के नजदीक रहने वाले गगन और उसकी पत्नी नैना तथा गुरनाम सिंह और बलजिंदर सिंह पर लगा है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शांति कॉलोनी जगाधरी निवासी सुमन ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति अमित कुमार 2025 में रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उनकी मुलाकात समता योग आश्रम निवासी गगन व उसकी पत्नी नैना के साथ हुई। आरोपियों ने उसके पति को विदेश भेजने का आश्वासन दिया और उनसे अलग-अलग करके 5.82 लाख रुपये ले लिए। आरोपियों ने जल्द ही उसके पति को विदेश भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसके पति को विदेश नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, गांव भंभौल निवासी प्रदीप कुमार ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सितंबर 2025 में विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात गुरनाम सिंह व उसके भाई बलजिंदर सिंह के साथ हुई। आरोपियों ने उसे विदेश भेजने के नाम पर 6.30 लाख रुपये ले लिए मगर इसके बाद आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

## जिले में सोमवार दोपहर कई स्थानों पर बूंदाबांदी तो कहीं हल्की बारिश

# मेघों की थोड़ी सी मेहरबानी ने दी गर्मी और उमस से ढेर सारी राहत

**अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस किया गया दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मौसम में गर्मी की तपिश और उमस से बेहाल हो रहे लोगों को सोमवार दोपहर को जिले में कहीं बुंदाबांदी तो कहीं हल्की बारिश होने से राहत मिली। खास बात यह रही कि बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे। वहीं, बारिश होने से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

सोमवार सुबह से लेकर दोपहर डेढ़ बजे तक आसमान में हल्के बादल छाए रहे और मौसम में गर्मी की तपिश और उमस बनी रही। मगर दोपहर दो बजे के करीब आसमान में अचानक घने बादल छा गए और बुंदाबांदी शुरू हो गई। जिससे लोगों ने गर्मी और उमस से राहत महसूस की।

इस दौरान जिले के कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश भी हुई, लेकिन मेघों की थोड़ी सी मेहरबानी लोगों के लिए ढेर सारी राहत लेकर आई। गर्मी की वजह से परेशान लोगों को हल्की सी बारिश ने काफी सुकून दिया। बारिश होने से कई स्थानों पर बच्चों ने घरों से बाहर निकलकर बारिश में भीगकर आनंद लिया।

वहीं दूसरी ओर, बारिश की वजह से सड़कों पर कई स्थानों पर कीचड़ बनने से दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान दोपहिया वाहन चालक व पैदल चलने वाले राहगीरों को सड़कों पर बने कीचड़ से बचने का प्रयास करते देखा गया। कई इलाकों में सड़कों और गलियों में हल्का जलभराव देखने को मिला, जिसकी वजह से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बहरहा, बारिश के बाद भी आसमान में बादल छाए रहने से मौसम सुहावना बना रहा और लोगों को गर्मी और उमस झेलने को मजबूर नहीं होना पड़ा। सोमवार को बारिश होने के बाद जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान जिले का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले कुछ दिनों से जिले में पारा चढ़ने से लोगों को भारी परेशानी हो रही थी। लोगों को बेसब्री से मानसून का इंतजार है। ऐसे में हल्की बारिश ने काफी राहत दी है।


यमुनानगर। दोपहर के वक्त हुई बारिश में छाता लेकर अपने गंतव्य की ओर जाते दिखे लोग। फोटो : हरिभूमि

### गन्ना, चारा, धान व पापुलर की फसलों के लिए वरदान

किसान धर्म सिंह, सुखबीर सिंह, प्रेम पाल, सुधीर कुमार, सतविंद्र सिंह, गुरनाम सिंह, राजबीर, महेंद्र कुमार, सुरेश पाल व रामेश्वर आदि ने बताया कि पिछले कुछ दिन से मौसम में बनी गर्मी की तपिश के कारण गन्ना समेत अन्य फसलों में सूखे का प्रकोप बढ़ने लगा था। वहीं, धान की रोपाई पर असर पड़ रहा था। अब भले ही हल्की बारिश हुई है। मगर इससे जहां गन्ना व चारा समेत अन्य फसलों को लाभ मिलेगा। वहीं, धान को रोपाई में तेजी आएगी। किसानों को उम्मीद है कि अगले कुछ दिन में तेज बारिश हो सकती है।


रादौर। कांबोज धर्मशाला में आयोजित बैठक में भाग लेते एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## सरकार की अनदेखी से आहत हैं पेंशनर्स

# हमने जीवन भर उनकी सुनी, अब वे हमारी गुहार तक नहीं सुनते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

■ **हरियाणा पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन रादौर के सदस्यों की कांबोज धर्मशाला में हुई बैठक**

हमने नौकरी के दौरान सरकार का हर आदेश सुना और पूरी ईमानदारी से उसका पालन किया, लेकिन आज बुढ़ापे के समय में वही सरकार हम पेंशनभोगियों की उचित गुहार भी नहीं सुन रही है। दुख होता है यह सोचकर कि जिसके आदेश पर पूरी जवानी दौड़ते रहे, वह आज भी हमें हमारी मांगों के लिए दौड़ा रहा है। हम सभी लंबे समय से अपनी मांगें पूरी होने के इंतजार कर रहे हैं, लेकिन सरकार है कि सुनती नहीं।

यह दर्द उन लोगों का है, जो सेवानिवृत हो चुके हैं और अब सरकार के पेंशन के भरोसे जीवन गुजार रहे हैं। इनकी सोमवार को रादौर के कांबोज धर्मशाला में बैठक हुई।

बैठक का आयोजन हरियाणा पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन रादौर के बैनर तले किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान ओम प्रकाश बड़शामी ने की। वरिष्ठ सदस्य राजपाल कांबोज ने बैठक का संचालन किया।

एसोसिएशन के प्रधान ओमप्रकाश बडशामी ने कहा कि वह लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। मगर अभी तक उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, जिससे एसोसिएशन के सदस्य आहत हैं। उन्होंने सरकार से 65, 70 व 75 वर्ष की आयु में क्रमशः 5,10 व 15 प्रतिशत लाभ दिए जाने, मेडिकल कैशलेस सभी बीमारियों पर लागू किया जाने, मेडिकल भत्ता 3 हजार रुपये किए जाने, आठवें वेतन आयोग की रिपोर्ट तुरंत जारी किए जाने आदि समेत अन्य मांगे जल्द पूरी किए जाने की मांग की। इस अवसर पर राजपाल कांबोज, रामेश्वर दास, रामचंद्र सैनी, नरोत्तम नागर, राजकुमार, योगेश्वर दास शर्मा, कुलदीप शर्मा, अनिरूद्ध शर्मा, राजकुमार शर्मा व हंसराज आदि मौजूद रहे।

# रोटेरियन भारत माटिया बने रादौर रोटरी क्लब के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रोटरी क्लब रादौर द्वारा कस्बा के सफल पैलेस में नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में समाजसेवी भीम सिंह राठी ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। सबसे पहले क्लब की ओर से रोटेरियन भारत माटिया को क्लब के नए प्रधान के तौर पर शपथ दिलाई गई। वहीं रोटेरियन डॉ. शुभम सलूजा को क्लब का सचिव नियुक्त किया गया। जबकि पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा सरक्षंक व डॉ. एससी सैनी मुख्य सलाहकार नियुक्त किए गए। वहीं, सतीश चौधरी, मलखान सिंह सढ़ुरा व देवीदयाल अरोड़ा उप प्रधान, मोहित गर्ग व स्वर्ण सिंह धौडंग सह सचिव नियुक्त किए गए। खास बात यह रही कि मोहन लाल अरोड़ा को लगातार पांचवी बार क्लब के कोषाध्यक्ष के रुप में शपथ दिलाई गई। वहीं, आशु वर्मा मीडिया प्रभारी व संदीप सैनी सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए। जबकि क्लब के निदेशक मंडल में यतेन्द्र वर्मा, डॉ.अमन पंजेटा, डॉ. सुदेश बंसल, रणधीर




चौधरी, एडवोकेट सुरेश बंचल, पुनीत शर्मा, अनिरूद्ध त्यागी, सरदार इंद्रजीत सिंह आदि शामिल किए गए। वहीं, डॉ. अशोक मिगलानी को क्लब का सार्जंट अटार्म नियुक्त किया गया है। जसवंत सिंह बंचल को रोट्रेक्ट चेयरमैन व निर्मल सिंह बैंडी को रोटरी फाउंडेशन चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर रोटेरियन डॉ. अशोक मिगलानी ने क्लब के नवनियुक्त प्रधान भारत माटिया व सचिव डॉ. शुभम सलूजा को कॉलर पहनाकर कार्यभार सौंपा। कार्यक्रम में मंच संचालक डॉ. सुदेश बंसल ने एक वर्ष के दौरान कल्ब द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी।

# राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देते हैं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महान स्वतंत्रता सेनानी व प्रख्यात शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं देश की एकता और अखंडता के महान पुरोधा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर शहर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। इस दौरान मेयर सुमन बहमनी व गणमान्य ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग, सेवा और सिद्धांतों के प्रति अटूट समर्पण का अद्भूत उदाहरण है। उन्होंने देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए जो संघर्ष किया वह प्रत्येक भारतीय के लिए सदैव प्रेरणा स्त्रोत रहेगा। उनका स्पष्ट विचार था कि राष्ट्र सर्वोपरि है और देश की एकता से कभी कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि डॉ.मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना कर राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा प्रदान की। शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रीय स्वाभिमान के क्षेत्र में उनके योगदान को देश सदैव स्मरण करेगा। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व आज भी युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। देश की एकता, सुशासन और विकास के लिए उनके आदर्श आज भी मार्गदर्शक हैं। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताए हुए मार्ग पर चलकर ही भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है।


यमुनानगर। कार्यक्रम में विचार व्यक्त करतीं मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी



### उत्तराखंड के राज्यमंत्री को किया सम्मानित

**रादौर।** उत्तराखंड सरकार में समाज कल्याण राज्यमंत्री सुनील सैनी के निवास स्थान पर सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी के नेतृत्व उनको पगड़ी व शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने समाज कल्याण राज्यमंत्री सुनील सैनी के समक्ष समाज की शिक्षा, रोजगार व संगठन को मजबूत करने से जुड़े सुझाव रखे। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर बल दिया। सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने मंत्री को आश्वस्त किया कि आगामी चुनाव में एकजुट होकर प्रदेश की प्रगति और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। राज्यमंत्री सुनील सैनी ने समाज के प्रतिनिधियों की बातें ध्यानपूर्वक सुनीं और समाज के सहयोग की सराहना की। मौके पर प्रदीप सैनी, दिनेश सैनी, विनीत सैनी व जगन चौहान आदि मौजूद थे।



### परमजीत कौर बनी इनरव्हील क्लब की प्रधान

रादौर। अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था इनरव्हील क्लब की ओर से रादौर में नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्र गान के साथ किया गया। कार्यक्रम में परमजीत कौर को क्लब की प्रधान तथा पूजा माटिया को सचिव का कार्यभार सौंपा गया। वहीं क्लब की वरिष्ठ सदस्य कमल सैनी व पूर्व पार्षद कमलेश मिगलानी ने प्रधान व सचिव को कॉलर पहनाकर पदभार ग्रहण करवाया। क्लब की पूर्व प्रधान लक्ष्मी चोपड़ा ने क्लब की ओर से वर्षभर में किए गए कार्यों का लेखा जोखा पेश किया गया। कार्यक्रम में बच्चों व महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। प्रस्तुति देने वाले बच्चों व महिलाओं को क्लब की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। क्लब की नवनियुक्त प्रधान परमजीत कौर व सचिव पूजा माटिया ने कहा कि क्लब का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। मौके पर क्लब की वरिष्ठ सदस्य कमल सैनी, कमलेश मिगलानी, सुदेश शर्मा, अनिता झांब, बेअंत कौर, लक्ष्मी चोपड़ा, रानी सैनी, साक्षी परूथी, नेहा सेतिया, मीनाक्षी कंबोज, नीलम वर्मा, नीलम मेहता, वीना चोपड़ा, पुष्पा मक्कड़, दीपा चोपड़ा, कोमल वर्मा, रितु गुप्ता, डॉ.रिंकू शर्मा, मंजू मंढाण, नीना जौहर, राजविंदर कौर, गीतिका जौहर, चारु सिंगला, भारती शर्मा, संजना सलूजा, नीलम कांबोज, पूजा सिंगला आदि मौजूद थे।

### नवीन कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ आज

**रादौर।** किसानों की आय बढ़ाने, अन्न की बर्बादी रोकने व अन्न भंडारण तकनीकों को गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ मंगलवार को सफल पैलेस रादौर में किया जाएगा। इस दौरान हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर अभियान का शुभारंभ करेंगे। अभियान के तहत किसानों को वैज्ञानिक अन्न भंडारण, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, पर्यावरण संरक्षण तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कृषि विशेषज्ञ सुरक्षित अन्न भंडारण की आधुनिक तकनीकों और उससे होने वाले आर्थिक लाभों पर किसानों का मार्गदर्शन करेंगे।

### आर्य समाज के सिद्धांतों पर चलने से मिलती है आध्यात्मिक उन्नति

**रादौर।** आर्य समाज मंदिर रादौर द्वारा समाज के भवन में वैदिक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघ चालक सेवाराम ने भाग लिया। वहीं, मुख्य वक्ता के रुप में गुरुकुल शादीपुर के आचार्य सर्व मित्र आर्य ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता आर्य समाज रादौर के प्रधान किरणपाल आर्य ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा हवन यज्ञ करके किया गया। मंच संचालन प्रचार मंत्री अमित कांबोज ने किया। गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संगीताचार्य प्रसिद्ध भजनोपदेशक आर्य रत्न जयपाल आर्य को अंगवस्त्र पहनाकर व स्मृतिचिन्ह देकर वेद प्रचार योद्धा के सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता एवं गुरुकुल शादीपुर के आचार्य सर्वमित्र ने कहा कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संगीताचार्य आर्य रत्न प्रसिद्ध भजनोपदेशक जयपाल आर्य को स्वामी दयानंद के सिद्धांतों व वेदों के प्रचार प्रसार में उनकी निष्ठा व समर्पण को देखते हुए उन्हें वेद प्रचार योद्धा के सम्मान से सम्मानित किया जा गया है। उन्होंने कहा कि जयपाल आर्य का सारा जीवन वेदों के प्रचार प्रसार व स्वामी दयानंद के सिद्धांतों के प्रति समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को आर्य समाज के सिद्धांतो पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्य समाज के सिद्धांतों पर चलने से व्यक्ति की भौतिक उन्नति के साथ साथ आध्यात्मिक उन्नति भी होती है। इस अवसर पर वेद प्रचार योद्धा के सम्मान से सम्मानित जयपाल आर्य ने सभी का धन्यवाद किया।

## आपका दान किया रक्त बचा सकता है किसी की जिंदगी

# हर स्वस्थ व्यक्ति को करना चाहिए महादानः राणा

**संत निरंकारी मिशन ने सत्संग भवन में लगाया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में रादौर के सत्संग भवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, महिलाओं व समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि के रुप में भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल राणा ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में चिकित्सकों की टीम ने 170 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस दौरान रक्तदाओं को संत निरंकारी मिशन की ओर से अल्पहार भी दिया गया। मौके पर मुख्यातिथि एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल राणा ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकती है। उन्होंने सभी स्वस्थ नागरिकों से समय समय पर स्वैच्छिक रक्तदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर संत निरंकारी मिशन के जोनल इंचार्ज श्रद्धेय सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि सच्ची भक्ति वही हैए जो मानव सेवा के रूप में दिखाई दे। रक्तदान न केवल किसी व्यक्ति का जीवन बचाता है। बल्कि समाज में प्रेम, भाईचारे और मानव एकता का संदेश भी देता है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। रादौर निरंकारी सत्संग भवन के मुखी पवन ग्रोवर ने मुख्य अतिथि, जोनल इंचार्ज, चिकित्सकीय टीम, सभी रक्तदाताओं व सेवादारों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि संत निरंकारी मिशन सदैव मानव सेवा के कार्यों में अग्रणी रहा है और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। रक्तदान शिविर में कुल 170 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।


यमुनानगर। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाकर शुभारंभ करते मुख्यातिथि।

## खबर संक्षेप



### डॉ. श्यामा मुखर्जी जयंती पर हुई विभिन्न गतिविधियां

**कुरुक्षेत्र।** मेरा युवा भारत केंद्र, कुरुक्षेत्र द्वारा एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती के अवसर पर भाषण, निबंध प्रतियोगिता एवं राष्ट्र जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर डायरेक्टर विशाल शर्मा, उर्वशी शर्मा तथा प्रधानाचार्या ममता शर्मा उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में लगभग 180 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### व्याख्यान एवं एमओयू हस्ताक्षर समारोह आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में इलेक्ट्रॉनिक्स साइंस विभाग द्वारा 7 जुलाई 2026 को प्रातः 11.00 बजे विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में आमंत्रित व्याख्यान एवं एमओयू (समझौता ज्ञापन) हस्ताक्षर समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा करेंगे।

### ब्रह्मसरोवर पर की मासिक परिक्रमा

**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद की प्रेरणा से श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा ब्रह्मसरोवर की मासिक परिक्रमा आयोजित की गई। परिक्रमा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सर्वेश्वर महादेव मंदिर के सामने से आरंभ हुई यह परिक्रमा इसी स्थान पर आकर सम्पन्न हुई। इसके बाद ठाकुरजी की आरती की गई। ठाकुरजी की पालकी को श्रद्धालु हाथ से खींच रहे थे। श्रीकृष्ण कृपा गौशाला के प्रधान सुनील वत्स व अन्य भजन रशिकों द्वारा गाए गए श्री कृष्ण राधा भाव के भजनों से ब्रह्मसरोवर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

### महिलाओं के लिए लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



**कुरुक्षेत्र।** भारत विकास परिषद् की मैत्रेयी शाखा और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन एवं शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बाहरी मोहल्ला स्थित सामुदायिक केंद्र में महिलाओं एवं किशोरियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर लगाया गया। शिविर में करीब 50 महिलाओं और बालिकाओं ने स्वास्थ्य जांच कराई। इनमें कन्या विद्यालय, बाहरी मोहल्ला की छात्राएं भी शामिल रहीं। चिकित्सकों ने शुगर, रक्तचाप, बोन डेंसिटी, श्वास एवं न्यूरो संबंधी जांच की। साथ ही संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के प्रति जागरूक किया।

### उपायुक्त ने सुनीं नागरिकों की शिकायतें, जल्द निपटान के निर्देश

# समाधान शिविरों का उद्देश्य समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लें ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े और बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा सोमवार को नए लघु सचिवालय के समाचार में समाधान शिविर के दौरान आम जन की समस्याओं को सुन रहे थे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि समाधान शिविर सरकार के सुशासन के संकल्प को जमीनी स्तर पर उतारने का एक प्रभावी माध्यम है। सभी विभागाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि प्रत्येक शिकायत को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निपटाया जाए। गुणवत्तापूर्ण एटीआर पोर्टल पर अपलोड की जाए ताकि वह शिकायत दोबारा से न खुले। जिन शिकायतों का समाधान संभव नहीं है, उन्हें रिजेक्ट की श्रेणी में डाले। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि समाधान शिविर जनसेवा का सशक्त माध्यम है। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं से जुड़ी बाधाओं को दूर करना और जनता की शिकायतों का मौके पर ही निपटान करना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर सोमवार और वीरवार को प्रातः: 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन एवं अन्य संबंधित शिकायतों का मौके पर समाधान किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित दिनों में शिविर में पहुंचकर समस्याओं का समाधान करवाएं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी विकास कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** शिकायतों का समाधान करते अधिकारी।

### एसआईआर को लेकर राजनैतिक दलों के साथ बैठक

## बीएलओ अपने मतदान केंद्र पर 9 से 12 बजे तक रहेंगे मौजूद: विश्राम मीणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर


उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सभी बीएलओ अपने मतदान केंद्रों पर सुबह 9 बजे से 12 बजे तक मौजूद रहेंगे, ताकि मतदाता अपने गणना प्रपत्रों को भरकर जमा करवा सकें। बीएलओ 12 बजे के बाद फील्ड में उतरकर घर-घर दस्तक देंगे और नागरिकों के एन्यूमरेशन फार्म भरकर जमा करवाएंगे। उपायुक्त ने राजनैतिक दलों से अपील की है कि वो मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरकर जमा करवाने के लिए जागरूक करें। जिला में चल रहे एसआईआर कार्य में मतदाता गणना प्रपत्रों का एप के माध्यम से डिजिटाइजेशन सबसे महत्वपूर्ण है। यह काम आगामी 14 जुलाई तक ही हो सकता है। ऐसे में प्रत्येक मतदाता समय रहते प्रपत्र भरकर बीएलओ को जमा करा दे।

#### जिले में 810 बूथों पर हो रहा एसआईआर का कार्य

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में एसआईआर को लेकर राजनैतिक दलों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अनुपालना में एक जुलाई 2026 को अर्हता तिथि मानकर जिला में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि जिला में 810 बूथों पर एसआईआर का कार्य चल रहा है। सभी 810 बूथों के बीएलओ 783831 मतदाताओं के मतों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य कर रहे हैं। अब तक 768428 मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म बांटे जा चुके हैं और 502748 मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त हो चुके हैं, जिन्हें डिजिटलाइजेशन किया जा चुका है।

### साइट इंजीनियर ने लिया जाजया, ग्राउंड लेवल के बाद शुरू होगी बिल्डिंग डिमार्केशन

## श्रीकृष्ण आयुष विवि के नए परिसर का सर्वे करने पहुंची टीम



**कुरुक्षेत्र।** जायजा लेते साइट इंजीनियर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

देश के पहले श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में स्थायी परिसर के निर्माण की प्रक्रिया ने अब गति पकड़ ली है। निर्माण कार्य के लिए चयनित कंपनी की सर्वे टीम सोमवार को साइट इंजीनियर अमित की अगुवाई में गांव फतुहपुर स्थित विश्वविद्यालय के नए परिसर पहुंची, जहां निर्माण स्थल का विस्तृत सर्वेक्षण शुरू किया गया। सर्वे टीम ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर आधुनिक सर्वे उपकरणों की सहायता से भूमि का प्रारंभिक आकलन किया। कंपनी के अधिकारियों के अनुसार सबसे पहले पूरे परिसर का ग्राउंड लेवल निर्धारित किया जाएगा। इसके बाद स्वीकृत मास्टर प्लान के अनुरूप विभिन्न भवनों के निर्माण के लिए डिमार्केशन का कार्य शुरू किया जाएगा। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार ने लगभग 465 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले प्रथम चरण के निर्माण कार्य का टेंडर दीपक बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड को दिया है। प्रथम चरण में प्रशासनिक भवन, कुलपति एवं कुलसचिव कार्यालय, केंद्रीय पुस्तकालय, अत्याधुनिक ऑडिटोरियम, आयुर्वेदिक अस्पताल, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अस्पताल, पीजी कॉलेज, शोध एवं नवाचार केंद्र, छात्रावास, आवासीय परिसर तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि नए परिसर का निर्माण विश्वविद्यालय के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि जिस निर्माण कंपनी को प्रथम चरण का टेंडर आवंटित किया गया है, वह लगभग ढाई वर्ष में निर्माण कार्य पूरा करेगी।

## यूएसएफ कुरुक्षेत्र केंद्र में 21वें बैच का इंडक्शन समारोह, 30 नवचयनित छात्राओं ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य प्रस्तुत किए

यूएसएफ कुरुक्षेत्र केंद्र में 21वें बैच का इंडक्शन समारोह डॉ. सुषमा शर्मा एवं डॉ. राम निवास के मार्गदर्शन में चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) भीम सिंह दहिया रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. सुनीता सिरोहा डीन, फैकल्टी ऑफ आर्ट्स एंड लैंग्वेज एवं चेयरपर्सन, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, डॉ. संदीप अग्रवाल डिप्टी सीएमओ, एलएनजेपी अस्पताल, दीपक शर्मा ट्रस्टी, उदयन केयर एवं मेंटर फादर, जगशांति होम, ग्रेटर नोएडा, डॉ. सुनीता शर्मा मेंटर मदर, जगशांति होम, डॉ. सुनीता दलाल, डॉ. पारुल अग्रवाल, अमन कम्बोज, अर्चना कम्बोज, विनोद सिंगला एवं पूनम सिंगला सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद उदयन घर के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन बैच-19 की अनुष्का एवं जेमिका ने किया।



### प्रो. बिंदु शर्मा को मिला आईएमसी एंड एमटी के निदेशक का कार्यभार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी (आईएमसी एंड एमटी) के निदेशक का कार्यभार प्रो. (डॉ.) बिंदु शर्मा को सौंपा गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि प्रो. (डॉ.) बिंदु शर्मा, जो वर्तमान में आईएमसी एंड एमटी में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं, आगामी आदेशों तक निदेशक का दायित्व अपने वर्तमान कार्यों के साथ अतिरिक्त रूप से निभाएंगी।



## नियमित ऋण चुकाने वाले किसानों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय स्तर पर 29 जून से 6 जुलाई 2026 तक मनाए जा रहे सहकारी सप्ताह समारोह के तहत सोमवार को दी कुरुक्षेत्र जिला प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक लिमिटेड, कुरुक्षेत्र में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समय पर ऋण चुकाने वाले नियमित किसानों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि दी हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक लिमिटेड, पंचकूला के चेयरमैन सुभाष कलसाना थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बैंक के वाइस चेयरमैन रामजतन दामौली, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सैनी, बैंक के चेयरमैन रामकुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार, बैंक के निदेशक, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में बैंक के चेयरमैन रामकुमार और मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने मुख्य अतिथि सुभाष कलसाना का सम्मान किया। सुभाष कलसाना ने किसानों की आर्थिक उन्नति में सहकारी बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समय पर ऋण चुकाने वाले किसान बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं।



### एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराने वाली खिलाड़ी समृद्धि व कोच राजेश सम्मानित



**कुरुक्षेत्र।** योगासन खेल संघ, कुरुक्षेत्र की संस्थापक सदस्यों की बैठक शांति नगर स्थित टेका मार्केट के एससीओ में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ कर्मवीर द्वारा गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुआ। बैठक में आगामी योगासन प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। योगासन खेल संघ के संरक्षक, हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य एवं भारतीय योग संस्थान, हरियाणा के पूर्व संगठन मंत्री डॉ. मनीश कुकरेजा ने प्रतियोगिता की रूपरेखा को प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। संघ की प्रधान डॉ. निरुपमा ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया तथा सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपीं। बैठक में उपप्रधान सरिता रोशा, सचिव राजेश, तकनीकी सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष प्रमोद, भीम सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में योगासन खेल के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करने वाली खिलाड़ी समृद्धि शर्मा तथा उनके प्रशिक्षक, डीएवी स्कूल के योग कोच राजेश को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

## डिजिटल बोटैनिकल लर्निंग की पहल क्यूआर कोड से होगी वृक्षों की पहचान

### 100 से अधिक वृक्षों एवं पौधों की पहचान को क्यूआर कोड तकनीक से जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में बॉटनी विभाग एवं हार्टिकल्चर विभाग ने डिजिटल शिक्षा, जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में 100 से अधिक वृक्षों एवं महत्वपूर्ण पौधों की पहचान को क्यूआर कोड तकनीक से जोड़ दिया है। इस परियोजना का सफल क्रियान्वयन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान एमएससी. अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों सार्थक गर्ग, अभिनव अंगरिश एवं दीपांशु ने बॉटनी विभाग के अध्यक्ष डॉ. योगेश तथा हॉर्टिकल्चर विभाग के प्रो. नरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में किया। इन क्यूआर कोड युक्त नामपट्टिकाओं का औपचारिक उद्घाटन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों के नवाचारपूर्ण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल शिक्षा, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। इससे विद्यार्थियों में नवाचार की भावना को प्रोत्साहन मिलेगा और विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को नई दिशा प्राप्त होगी। इस परियोजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 100 से अधिक वृक्षों एवं महत्वपूर्ण पौधों पर क्यूआर कोड युक्त नामपट्टिकाएं स्थापित की गई हैं। अब कोई भी विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षक या आगंतुक अपने मोबाइल फोन से इन क्यूआर कोड को स्कैन कर संबंधित पौधे की विस्तृत जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकता है।



**कुरुक्षेत्र।** जानकारी देते कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### केयू के शोधकर्ताओं की बड़ी उपलब्धि

## अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका में शोध एवं भारतीय पेटेंट हुआ प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में फामेर्सी संस्थान (इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज) ने औषधीय रसायन विज्ञान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण शोध उपलब्धि हासिल की है। संस्थान के शोधकतार्ओं द्वारा किया गया शोध कार्य प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका जर्नल ऑफ मॉलिक्यूलर स्ट्रक्चर (एल्सेवियर) में प्रकाशित हुआ है। 4.9 इम्पैक्ट फैक्टर वाली इस पत्रिका में प्रकाशित शोध पत्र 29 जून 2026 को ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया। यह शोध कार्य औषधि विज्ञान संस्थान की शोधार्थी डॉ. संगीता वर्मा द्वारा डॉ. सुखबीर लाल, एसोसिएट प्रोफेसर, औषधि विज्ञान संस्थान, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा डॉ. राकेश नारंग, एसोसिएट प्रोफेसर, औषधीय विज्ञान विभाग, गुरुग्राम विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। शोध कार्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिकों का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर संपूर्ण शोध दल को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य तथा औषधीय अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में निरंतर सफलता की शुभकामनाएं दी हैं।

### पार्टी सर्वोपरि, संगठन ने मुझे विधायक से मंत्री तक बनाया: डॉ. बनवारी लाल

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि एक कार्यकर्ता के लिए पार्टी सर्वोपरि होती है। भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें 2014 और 2019 में विधायक बनाया तथा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री बनने का अवसर दिया। वर्ष 2024 में टिकट परिवर्तन के बावजूद वे पूरी निष्ठा से संगठन के कार्य में जुटे हुए हैं। डॉ. बनवारी लाल सोमवार को कुरुक्षेत्र में भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजभान कटारिया के प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जो साधारण कार्यकर्ता को भी विधायक, सांसद, मंत्री और अन्य महत्वपूर्ण पदों तक पहुंचाने का अवसर देती है। यही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी /"सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास/" की नीति पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में दिल्ली, असम, बिहार सहित विभिन्न राज्यों में चुनाव प्रचार के दौरान मिली जिम्मेदारियों ने उन्हें संगठन से बहुत कुछ सीखने और नए अनुभव प्राप्त करने का अवसर दिया। रेवाड़ी जिले के बावल विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री की जनसभा के दौरान सांसद, मंत्री और तीनों भाजपा विधायकों की अनुपस्थिति को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे गुटबाजी के आरोपों पर डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि यह मामला पार्टी के शीर्ष और प्रदेश नेतृत्व के संज्ञान में है, इसलिए वे इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते।



**कुरुक्षेत्र।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. बनवारी लाल का स्वागत करते भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजभान कटारिया।

**कार्यशाला** एनआईटी कुरुक्षेत्र में कैंपस वेल-बीइंग-मानसिक स्वास्थ्य पर हुआ कार्यक्रम

# संवादात्मक चर्चाओं और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों का किया मार्गदर्शन

### स्वयं को महत्व देना के महत्वपूर्ण विषय पर केंद्रित था अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में कैंपस वेल-बीइंग विषय पर आयोजित छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम सफलतापूर्वक समापन हो गया। परिसर में एक स्थायी मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रणाली स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित इस व्यापक कार्यशाला में विभिन्न शैक्षणिक विभागों के लगभग 40 संकाय सदस्यों (प्रोफेसरों) ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का अंतिम दिन स्वयं को महत्व देना के महत्वपूर्ण विषय पर केंद्रित था। प्रसिद्ध विशेषज्ञ बी.के. डॉ. सचिन परब ने बेहद आकर्षक संवादात्मक चचार्ओं, चिंतनशील प्रथाओं, व्यावहारिक गतिविधियों और माइंडफुलनेस अभ्यासों के माध्यम से प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। अपने सत्रों के दौरान, डॉ. परब ने समग्र भावनात्मक स्थिरता और मानसिक कल्याण को प्राप्त करने में आत्म-देखभाल, आत्म-सम्मान और आत्म-मूल्य की मौलिक भूमिका पर जोर दिया, ताकि शिक्षक स्वयं और अपने छात्रों दोनों को बेहतर सहायता प्रदान कर सकें।



**कुरुक्षेत्र।** कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण व प्रोफेसर्स।

#### मुख्य प्रदाताओं को किया सम्मानित

छह दिनों के दौरान, पाठ्यक्रम में आंतरिक शांति, भावनात्मक कल्याण, क्रोध प्रबंधन, करुणा, खुशी, टीम वर्क और आत्म-जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को कवर करने वाले विभिन्न गतिविधि-आधारित मॉड्यूल शामिल थे, जिन्हें प्रतिभागियों द्वारा उनके व्यावहारिक और परिवर्तनकारी स्वभाव के लिए बहुत सराहा गया। एनआईटी कुरुक्षेत्र के माननीय निदेशक प्रो. ब्रह्मजीत सिंह और डीन (संकाय कल्याण) प्रो. मयंक दवे ने 'वैल्यूज इन हेल्थकेयर: ए स्पिरिचुअल अप्रोच' मॉड्यूल को सफलतापूर्वक संचालित करने में मूल्यवान योगदान के लिए मुख्य प्रदाताओं—बी.के. डॉ. सचिन परब, डॉ. सुप्रिया और डॉ. राधिका को सम्मानित किया। इसी क्रम में, एफडीपी समन्वयक प्रो. आर. के. अग्रवाल ने ब्रह्माकुमारीज कुरुक्षेत्र की प्रभारी राजयोगिनी बी.के. सरोज दीदी जी को सम्मानित किया। संस्थान के नेतृत्व की सराहना करते हुए, कैंपस थॉट लैब के सह-समन्वयक डॉ. अंशु पाराशर और डॉ. थान सिंह ने भी निदेशक प्रो. ब्रह्मजीत सिंह को संस्थान भर में मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए उनके निरंतर प्रोत्साहन और अटूट समर्थन के लिए सम्मानित किया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाने के बाद, इस कार्यक्रम का समापन डॉ. अंशु पाराशर द्वारा दिए गए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

## खबर संक्षेप

### 30 तक करें छात्राएं ट्रेड का चयनः राणा

**अंबाला।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अंबाला शहर के प्रधानाचार्य दिनेश राणा ने बताया कि जिन छात्र छात्राओं ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए ऑन-लाईन आवेदन किया हुआ है। उन छात्र छात्राओं को आईटीआई व व्यवसाय के चयन की तिथि 15 जुलाई 2026 तक है।

जिला में आठ सरकारी आईटीआई व तीन प्राइवेट आईटीआई हैं। छात्र छात्राएं अपनी पसंद की आईटीआई व व्यवसाय चुनकर ऑनलाइन सबमिट कर सकते हैं।

### चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर क्षेत्र कांशी नगर में स्थित घर से सोना जेवरात, पीतल-कांसे के बर्तन, चांदी की परत चढ़ी मूर्तियां, घड़ियां, नकदी व अन्य सामान चोरी करने में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। परिवादी दीपक ने 4 जुलाई 2026 को शिकायत दी थी कि आरोपियों ने उसके घर से पीतल का सामान, सोना अंगूठी, चांदी की परत चढ़ी मूर्तियां, घड़ियां, कैमरे, हैडफोन, नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को काबू कर उनसे पीतल की परांत, कांसा थाली, लकड़ी का गुल्लक पैसों से भरा हुआ व चांदी की पायल बरामद कर ली है। आरोपियों की पहचान आरोपी राहुल उर्फ रिषु निवासी लक्ष्मी नगर, शुभम वासी गांव जंडली व शक्ति वासी गांव जंडली के रूप में हुई है।

### घर से चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा क्षेत्र गांव उगाला में स्थित घर से गेहूं, गैस सिलेंडर व अन्य सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया। सहायक उप निरीक्षक अंग्रेज सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता सरवन सिंह ने 5 जुलाई 2026 को शिकायत दी थी कि 29/30 जून 2026 को आरोपी अजय व अन्य ने उसके घर से 7/8 क्विंटल गेहूं, 220 लिटर डीजल, 50 लीटर पेट्रोल, गैस सिलेंडर व ट्रेक्टर का अन्य सामान चोरी किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी। पुलिस ने अब मामले में संलिप्त आरोपी अजय उर्फ अज्जू को गिरफ्तार किया है।

### बैठक में उठेगा बॉयोगैस प्लांट के विरोध का मसला

**जींद।** जींद शहर के रिहायशी क्षेत्र में बने बॉयो गैस प्लांट के विरोध का मसला अब भाजपा विधायको की अर्धमासिक होने वाली बैठक में उठेगा। यह आश्वासन सफीदों विधायक रामकुमार गौत्तम ने बॉयोगैस प्लांट मामले में ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल को दिया है।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वीं स्मरण पक्ष कार्यक्रम को किया संबोधित

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भी शिरकत की

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन त्याग राष्ट्रसेवा व सिद्धांतों का प्रेरणास्त्रोतः सीएम






### अंबाला की धरती का डॉ. श्यामा प्रसाद के जीवन से ऐतिहासिक संबंध , साइंस सेंटर का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर होगा, प्रतिमा भी होगी स्थापित : सीएम नायब सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग और सिद्धांतों का प्रतीक है। उनकी जयंती केवल उन्हें स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलने तथा नई पीढ़ी को उनके जीवन मूल्यों, आदर्शों और सिद्धांतों से प्रेरणा लेने का अवसर है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी 125वीं स्मरण पक्ष कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भी शिरकत की। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि यहां 85 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले साइंस सेंटर का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखा जाएगा, साथ ही निर्माणाधीन शहीद स्मारक के नजदीक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के अंत में पूर्व मंत्री असीम गोयल ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सीएम अर्थात कॉमन मैन की संज्ञा दी। कहा कि मुख्यमंत्री आमजन से सीधे जुड़े हुए जननेता हैं। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करें। मौके पर संयोजक संदीप जोशी, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, एसपी अजीत सिंह शेखावत, मेयर अक्षिता सैनी, पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम कनिका गोयल, राज्य सूचना आयुक्त नीता खेड़ा, भाजपा पदाधिकारी रितेश गोयल, कर्मचंद गोल्डी, विवेक गुप्ता, रिचा पाहवा, मनीष आनंद मन्नी, शोभा पूनिया, जगमोहन लाल कुमार, डॉ. संजय शर्मा, संदीप सैनी अंबली, दिनेश लदाना, जसविंदर सिंह, मक्खन सिंह लबाणा, नरेंद्र राणा कुराली, गोपाल मित्तल, जसमेर राणा, संजीव गोयल टोनी, मनीष मित्तल के साथ—साथ भाजपा पार्टी के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### मुखर्जी औद्योगिक क्रांति के अग्रदुतः डॉ. अर्चना

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता के लिए त्याग दिया, देश को आत्मनिर्भरता का विचार उन्होंने ही दिया। उन्होंने कहा कि महान विभूति डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्वतंत्र भारत में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री बने थे। विपक्ष में होते हुए भी वे कर्तव्य और निष्ठा तथा ईमानदारी के परिपेक्ष के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने 4 प्रमुख बिंदुओं पर काम किया, जिनमें रेल का जाल, एयरपोर्ट, रक्षा उपकरण और परमाणु उर्जा शामिल थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उसी विजन के साथ काम कर रहे है। केंद्रीय संसदीय बोर्ड सदस्य डॉ. सुधा यादव, प्रदेश संयोजक संदीप जोशी तथा भाजपा जिला अध्यक्ष मंदीप राणा ने भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

## यूजी कोर्स में दाखिले के लिए समय सारिणी में बदलाव, 12 तक करें ऑनलाइन आवेदन

- उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से नए शिक्षा सत्र में जारी किया नया शेड्यूल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

उच्चतर शिक्षा विभाग ने राज्य के सरकारी, सहायता प्राप्त और स्व-वित्तपोषित कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अंडर ग्रेजुएट (यूजी) पाठ्यक्रमों में दाखिले की समय-सारणी में बदलाव किया है। विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार संशोधित शेड्यूल के तहत छात्र अब 12 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे। दाखिला पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 7 मई से शुरू हो चुकी है, जो 12 जुलाई तक जारी रहेगी। वहीं, छात्र अपने आवेदन फॉर्म में किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधारने के लिए 13 जुलाई तक का समय दिया गया है। दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य 18 जुलाई तक पूरा किया जाएगा। इसके बाद विद्यार्थी अब 19 अगस्त तक प्रवेश ले सकेंगे। दाखिले की प्रक्रिया को तीन चरणों में विभाजित किया गया है। पहली मेरिट लिस्ट के तहत प्रोविजनल सूची 21 जुलाई और फाइनल सूची 22 जुलाई को जारी की जाएगी। इसके लिए फीस जमा करने का समय 23 जुलाई से 27 जुलाई तक निर्धारित है। दूसरी मेरिट लिस्ट के तहत प्रोविजनल सूची 28 जुलाई और फाइनल सूची 29 जुलाई को प्रदर्शित होगी। विद्यार्थी 30 जुलाई से 3 अगस्त तक अपनी फीस जमा करवा सकेंगे। बची हुई सीटों के लिए फिजिकल काउंसलिंग 4 अगस्त से शुरू होगी।

### विलंब शुल्क के साथ दाखिले का रहेगा विकल्प

पोर्टल को 5 अगस्त को पुनः खोला जाएगा ताकि नए आवेदक पंजीकरण कर सकें। इसके बाद, 6 से 12 अगस्त तक 100 रुपये के लेट फीस के साथ फिजिकल काउंसलिंग जारी रहेगी। अंतिम चरण में, 13 से 19 अगस्त तक 100 रुपये लेट फीस के अतिरिक्त 100 रुपये प्रतिदिन के जुर्माने के साथ दाखिला लिया जा सकेगा।

## बच्चों को किया जागरूक, पांच कुओं व बोरवेल का किया सर्वे

- धन्यौड़ा में बच्चे की मौत के बाद बच्चों को किया जा रहा है जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला



अंबाला। बच्चों के साथ खुले बोरवेल व कुओं का सर्वे करते समिति पदाधिकारी।

बहबलपुर स्थित गुरू ग्रंथ साहिब विद्या केंद्र सेवा समिति की ओर से बच्चों को खुले बोरवेल, कुओं तथा बरसात के मौसम में होने वाले संभावित हादसों से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में हाल ही में गांव धन्यौड़ा में हुए दर्दनाक हादसे का उल्लेख किया गया जिसमें लगभग 220 फुट गहरे खुले बोरवेल में गिरने से चार वर्षीय मासूम निरवैर की मृत्यु हो गई थी। इस दुखद घटना से सबक लेते हुए समिति ने बच्चों को ऐसे खतरनाक स्थानों की पहचान करवाई और उन्हें इससे दूर रहने की सलाह दी। साथ ही अभिभावकों से भी बच्चों पर विशेष निगरानी रखने का आग्रह किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने बैठक के दौरान खुले कुओं और बोरवेलों को सुरक्षित बनाने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने सुझाव दिया कि जिन बोरवेलों और कुओं का उपयोग किया जा सकता है, उन पर मजबूत लेंटर डालकर आवश्यकतानुसार हैंडपंप लगाए जाएं ताकि वे सुरक्षित भी रहें और उपयोग में भी आ सकें। इसी अभियान के तहत सोमवार को संस्था के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के पांच खुले कुओं और बोरवेल का सर्वे किया। सर्वे के दौरान ऐसे स्थानों की पहचान की गई, जहां सुरक्षा के दृष्टिकोण से लैंटर डालकर हैंडपंप अथवा अन्य उपयोगी व्यवस्था की जा सकती है। संस्था ने प्रशासन एवं ग्रामीणों से अपील की कि खुले बोरवेल और कुओं को जल्द से जल्द सुरक्षित कराया जाए ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### ये रहे मौजूद

संस्था की प्रधान बीबी भूपिंद्र कौर, सचिव महान सिंह, बुद्ध राम, बलजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, हरप्रीत सिंह, जत्थेदार निसाना वाली बुड्डा दल, जगतार सिंह मरदों साहिब, गुरचरण सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## एमएम शिक्षण संस्थान में नर्सिंग स्टाफ हड़ताल पर

- गंभीर मरीज गैर अनुभवी स्टूडेंट्स के हवाले
- ड्यूटी 6 से 8 घंटे करने पर बिफरे कर्मचारी, जमकर मचाया बवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बराड़ा



बराड़ा। जानकारी देती एक स्टाफ नर्स। फोटो : हरिभूमि

एमएम शिक्षण संस्थान में सोमवार को नर्सिंग स्टाफ हड़ताल पर चला गया । इनकी मांग है कि एनबीएच के नियमानुसार उनकी ड्यूटी 6 से बढ़ाकर 8 घंटे नहीं की जा सकती। जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाएगी वह लोग वापिस काम पर नहीं जाएंगे। मांग को लेकर नर्सिंग स्टाफ द्वारा मुख्य गेट के बाहर हड़ताल आरंभ कर दी। इस दौरान सड़क पर जाम लग गया।

स्टाफ सदस्यों की मांग थी कि एनबीएच के नियमानुसार उनकी ड्यूटी 6 घंटे की जाए। क्योंकि किसी भी शिक्षण संस्थान में 8 घंटे की ड्यूटी नहीं है। स्टाफ सदस्यों ने बताया कि उनकी गैरमौजूदगी में सारे मरीज गैर अनुभवी स्टूडेंट्स जो कि प्रथम वर्ष के हैं के हवाले हैं। जबकि वैक्शिनेशन का काम सीखने के लिए करीब 6 महीने का समय लगता है । तब भी गलत डोज दी जा सकती है। अगर बगैर सीखे स्टूडेंट्स गलत डोज दे देंगे तो मरीज की जान को खतरा हो सकता है। नर्सिंग स्टाफ ने एमएम प्रशासन पर धमकाने के आरोप लगाए हैं। स्टाफ सदस्यों ने कहा कि उनके लायसेंस रद्द करवाने की धमकियां मिल रही हैं। जबकि इंस्पेक्शन के समय और एमरजेंसी ड्यूटी में उनसे 12-12 घंटे काम करवाया जाता है।करीब डेढ़ दशक पहले भी सफाई कर्मचारियों की एक लंबी हड़ताल ने प्रशासन की नाक में दम दे दिया था।

## अंबालाः अधिक से अधिक लोगों को सहकारी गतिविधियों से जोड़ने के लिए जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

सहकारिता सप्ताह के अवसर पर अंबाला दि केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रांगण में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक के संचालक मंडल के सदस्य, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बैंक के महाप्रबंधक गोपी चंद गलगट ने सहकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार सभी कर्मचारियों को सहकारिता की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सहकार से समृद्धि के संकल्प को साकार करने के लिए पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प दिलाया। शपथ के दौरान सभी ने समृद्ध सहकारिता, विकसित भारत की सशक्त नींव बनेगी तथा इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे। महाप्रबंधक ने बताया कि सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत बैंक से संबद्ध सभी पैक्सो में भी विशेष आम सभाओं का आयोजन किया गया।

### सहकारिता सामूहिक विकास का सशक्त माध्यम

इन सभाओं में सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं पहलों की विस्तृत जानकारी सदस्यों को प्रदान की गई तथा अधिक से अधिक लोगों को सहकारी गतिविधियों से जोडने के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ साथ बैंक के संचालक मंडल के सदस्यों एवं महाप्रबंधक द्वारा बैंक परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। उन्होनें कहा कि सहकारिता सामूहिक विकास का सशक्त माध्यम है। सभी कर्मचारियों एवं सदस्यों के सहयोग से सहकारिता को और अधिक प्रभावी बनाते ग्रामीण एवं कृषि विकास को नई गति प्रदान करने के लिए कार्य किए जाएंगे।

## दुकानों के निर्माण को लेकर अधिकारी हरकत में, पैमाइश के लिए अधिकारी नियुक्त

- ये दुकानें लबे समय से विवाद में रही

**बराड़ा।** मौजगढ़ स्थित गोसांई मंदिर के समीप अवैध कब्जा कर बनाई गई दुकानों को लेकर पीडब्लूडी विभाग अचानक हरकत में आ गया । राजस्व विभाग को तत्काल पैमाइश के लिए अधिकारी नियुक्त करने को कहा गया है। सौंपे गए पत्र में साफ तौर पर ट्रीट इट मोस्ट अर्जेंट लिखा है बता दें कि ये दुकानें लबे समय से विवाद में रही हैं। करीब आधी लंबाई में पीडब्ल्यू डी की जगह कब्जाई गई है। सीएम विंडो पर शिकायत के बाद संबंधित विभाग हरकत में आ गया है। पैमाइश के बाद मामला सामने आ जाएगा। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का कहना है कि अगर पैमाइश में दुकानें उनकी जगह पर पाई गई तो कार्रवाई तय है।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**सुविधा** अनुज अग्रवाल ने फीता काटकर-शिलापट्ट का अनावरण कर केंद्र का शुभारम्भ किया

# महिलाओं के निःशुल्क अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी केंद्र का शुभारंभ

फिजियोथेरेपी सेवाएं निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी

- कई तरह की बीमारियों से निजात पाने में मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बराड़ा



बराड़ा। सेंटर का उद्घाटन करते हुए मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

महिलाओं को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सेवा धाम आश्रम साहा में सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा निशुल्क अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी केंद्र का लोकार्पण कर जनसेवा को समर्पित किया गया। इस केंद्र में ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को विशेषज्ञ फिजियोथेरेपी सेवाएं पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुज अग्रवाल ने फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर केंद्र का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति महिलाओं के अच्छे स्वास्थ्य और सशक्तिकरण पर आधारित होती है। आज भी अनेक महिलाएं आर्थिक तंगी, जागरूकता की कमी तथा विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में वर्षों तक शारीरिक पीड़ा झेलने को मजबूर हैं। ऐसे समय में सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा महिलाओं के लिए अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी केंद्र की स्थापना अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह केंद्र हजारों महिलाओं को दर्द से राहत, बेहतर स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विनीत मलिक, विवेक शर्मा, रिंपल चौहान, देवेंद्र धीमान, महेश वासन, सीए वागीश शर्मा, पवन पराशर, बलजिंदर कुमार, मदन गोपाल धीमान, आदित्य जैन, राकेश वोहरा, ललित राजपूत, समता, देशराज रंगा, पंकज छाबड़ा, राहुल गोयल, हिमांशु तथा फिजियोथेरेपिस्ट दीक्षा, नीरज, बलजीत कौर, सिमरन, नीतू और स्मृति सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

### विभिन्न रोगों का उपचार-परामर्श दिया जाएगा

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के चेयरमैन नरेश मित्तल ने कहा कि सेवा धाम आश्रम समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों की निस्वार्थ सेवा के उद्देश्य से विकसित किया जा रहा है। महिलाओं के लिए समर्पित यह केंद्र विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए वरदान साबित होगा, जो आर्थिक कारणों से नियमित उपचार नहीं करा पातीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की उन्नति से जुड़ा विषय है। इसी सोच के साथ सेवा ट्रस्ट यूके महिलाओं को सम्मानजनक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उन्होंने बताया कि केंद्र में आधुनिक फिजियोथेरेपी उपकरणों एवं प्रशिक्षित विशेषज्ञों की देखरेख में कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों एवं जोड़ों के दर्द, सर्वाइकल, मांसपेशियों तथा नसों से संबंधित विभिन्न रोगों का उपचार एवं परामर्श दिया जाएगा।

### पर्स लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस द्वारा स्नैचिंग, चोरी और लूट की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए-2 ने देव आई क्लीनिक के पास से एक महिला का पर्स लूटने के मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और हेलमेट भी बरामद कर लिया है। सीआईए-2 प्रभारी उप-निरीक्षक रवि कुमार ने बताया कि 2 जुलाई 2026 को एक पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार 2 जुलाई को जब वह देव आई क्लीनिक (एसडी कॉलेज के पास) से गुजर रही थी, तभी एक बाइक सवार उसका पर्स लूटकर मौके से फरार हो गया। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने अब मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी अमित कुमार काबू कर लिया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए सिर पर हेलमेट पहनता था।